

# अस्पताल से छुट्टी मिलते ही सलाखों के पीछे पहुंचा आरोपी

## घर में अवैध कट्टा बनाने के दौरान युवक को लगी थी गोली, महीने भर से जारी था उपचार

नवभारत न्यूज

**सतना 8 अप्रैल. अपने घर में अवैध कट्टा बनाने के दौरान चली गोली से घायल हुए युवक का उपचार पिछले महीने भर से चल रहा था. लेकिन युवक के स्वस्थ्य होने पर जैसे ही अस्पताल से छुट्टी मिली वैसे ही पुलिस द्वारा उसे सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया.**

महीने भर पहले गोली लगने से घायल युवक ने यह कहते हुए सनसनी फैला दी थी कि किसी नकाबपोश व्यक्ति ने घर में घुसकर उसके ऊपर हमला कर दिया. लेकिन जब पुलिस की छानबीन में युवक की कहानी झूठी निकली. दरअसल वह चोरी छिपे घर के अंदर अवैध कट्टा बनाने के दौरान स्वयं घायल हो गया था. मैहर जिले के ताला थाना क्षेत्र अंतर्गत इटमा गांव के निवासी 20 वर्षीय युवक अभिषेक दाहिया को 7 मार्च की रात में गोली लग गई थी. घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रीवा भेज दिया गया. घायल युवक द्वारा बताया गया कि वह अपने कमरे में सो रहा थी. इसी दौरान कोई अज्ञात व्यक्ति मुंह पर कपड़ा बांधे हुए वहां पहुंचा और उसे उसे नींद से जगाकर दरवाजा खुलवाया. दरवाजा खालते ही नकाबपोश ने उसे गोली मार दी और भाग निकला. लेकिन पुलिस की विवेचना में न तो युवक को गोली मारने का कोई कारण सामने आया और न ही किसी से उसकी दुश्मनी के बारे में जानकारी मिली.




जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने ताला थाना प्रभारी महेंद्र मिश्रा को घटनास्थल की सघन जांच करने के निर्देश दिए. जिसके आधार पर जब पुलिस टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की तो घायल युवक के कमरे से पाइप, कारतूस, लाइटर सहित अवैध हथियार बनाने में उपयोग होने वाली अन्य सामग्री बरामद हो गई. जिसके आधार पर घायल युवक के विरुद्ध आयुध अधिनियम 1959 की धारा 25 1 ए ए के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आगे की विवेचना शुरु कर दी गई. इसी कड़ी में गंभीर तौर पर घायल युवक अभिषेक ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए गए बयान में बताया कि वह अपने घर में पाइप में कारतूस डालकर उसे लाइटर से गर्म कर रहा था. तभी कारतूस अचानक फट गया और उसके कंधे के नीचे जा धंसा. जिसके चलते वह न सिर्फ बुरी तरह घायल हो गया बल्कि घबरा भी गया.

अपने परिवार और विशेष रुप से मां के डर के कारण उसने अज्ञात नकाबपोश व्यक्ति द्वारा गोली मारने की झूठी कहानी सबके सामने रखनी शुरु कर दी.

### अस्पताल छोड़ने का नहीं था मन

हलांकि गोली लगने से घायल अभिषेक की हालत शुरुआती दौर में काफी हद तक गंभीर बनी हुई थी. लेकिन अस्पताल में उपचार जारी रहने पर धीरे-धीरे उसकी हालत में सुधार आता गया. वहीं दूसरी ओर पुलिस द्वारा अभिषेक के स्वास्थ्य होने का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था. जिसे देखते हुए अभिषेक सहित उसके परिजन भी यही उम्मीद लगाए बैठे थे कि अस्पताल के उपचार में जिनती देरी होती रहे उतना ही अच्छा. लेकिन जब अभिषेक की पूरी जांच करने के बाद चिकित्सकों द्वारा उसे अस्पताल से ले जाने की अनुमति दे दी गई तो तैयार खड़ी पुलिस को देख परिजनों के बीच निराशा फैल गई. इसी कड़ी में आरोपी अभिषेक को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया.



# वाहन से ठोकर के बाद खंबे से टकराई बाइक, मौत

## रामपुर बघेलान के धतुआ गांव के निकट हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**सतना 8 अप्रैल. जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत धतुआ गांव के निकट बुधवार की सुबह हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई. घटना किसी अज्ञात वाहन की ठोकर लगने के बाद खंबे से बाइक के टकरा जाने के कारण होना बताया गया. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मैहर जिले के ताला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करौंदी निवासी राम विष्णु कुशवाहा उम्र 49 वर्ष पेश से मुर्गा व्यापारी थे. वे रामपुर से मुर्गे की खेप लेकर जाते थे और उन्हें बचने का काम करते थे. इसी कड़ी में बुधवार की सुबह को भी वे मुर्गे की खेप लेने के लिए रामपुर आए थे. जहां पर सौदा पूरा होने के बाद वे मुर्गे की खेप लेकर वापस लौट रहे थे. बताया गया कि सुबह लगभग 7 बजे जैसे ही वे धतुआ गांव के निकट पहुंचे वैसे ही किसी अज्ञात वाहन से उनकी मोटरसाइकिल को ठोकर लग गई. जिसके चलते उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और देखते ही देखते सड़क किनारे लगे बिजली के पुराने खंबे से जा टकराई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राम विष्णु का सिर सीधे खंबे से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. जिसके चलते उनकी मौके पर ही मौत हो गई.

घटना के बारे में जानकारी मिलते ही आस पास के लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई. पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. घटना के लगभग 4 घंटे बाद मृतक की पहचान हो पाई. वहीं घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों के बीच कोहराम मच गया. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है.


# नशीला लड्डू खिलाकर किया बेहोश, आटो-नकदी लूटी

## मुकुंदपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत दरगा के निकट हुई घटना, जांच में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

**सतना 8 अप्रैल. पिछले काफी समय से लगभग समाप्त हो चुकी जहरखुरानी की घटना एक बार फिर सामने आ गई. लड्डू में नशीला पदार्थ मिलाकर आटो चालक को खिला दिया और उसके बेहोश होते ही आटो सहित चालक की जेब में रखी नकदी और मोबाइल को लूट लिया गया. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मैहर निवासी और पेशे से आटो चालक शोभनाथ साहू सवारियों को ढोने के साथ ही बुक करके लोगों को जहां तहां पहुंचाने का काम करते हैं. इसी कड़ी में 6 अप्रैल की सुबह उनसे एक व्यक्ति ने संपर्क किया. उक्त व्यक्ति ने स्वयं का परिचय किसी खान के नाम से बताते हुए रामपुर नैकिन से मुकंदपुर दरगाह तक आटो बुक करने की बात कही. बातचीत आगे बढ़ी तो 900 रु में सौदा पक्का हो गया. इसी दौरान उक्त व्यक्ति ने आटो चालक शोभनाथ को यह भी बताया कि उसके कुछ रिश्तेदार मैहर से आ रहे हैं. जिन्हें लेकर वापस रामनुर नैकिन लौटना भी है. बातचीत तय होने पर आटो



चालक उक्त व्यक्ति को बैठाकर मुकुंदपुर के लिए रवाना हो गया. बताया गया मुकुंदपुर दरगाह पहुंचने पर उक्त व्यक्ति अंदर की ओर चला गया. कुछ देर बाद ही वह वापस लौटा और प्रसाद के तौर पर एक लड्डू खाने के लिए दिया. लेकिन वह लड्डू खाने के कुछ देर बाद ही आटो चालक को मूर्छा छाने लगी और उसे कोई सुध नहीं रही.

### अगले दिन आया होश

बताया गया कि उक्त व्यक्ति द्वारा नशीला लड्डू खिलाकर आटो चालक को बेहोश कर दिया गया. जिसके बाद किसी सुनसान स्थान पर ले जाकर आटो चालक की जेब में रखी 6 हजार रु की नकदी और मोबाइल निकाल लिया गया. इतना ही नहीं बल्कि आटो चालक को सुनसान स्थान पर छोड़ने के बाद उसका आटो भी लेकर उक्त व्यक्ति चंपत हो गया. रात भर बेहोशी की हालत में सड़क किनारे पड़े रहने के बाद अगले दिन जब चालक को होश आया तब उसका सब कुछ लुट चुका था. किसी तरह हिम्मत जुटाकर वह मुकुंदपुर चौकी पहुंचा और आपबीती सुनाई. पुलिस द्वारा आटो चालक की शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी गई. मुकुंदपुर दरगाह सहित आस पास के रास्ते पर लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए आरोपी की पहचान करने का प्रयास पुलिस द्वारा किया जा रहा है.

# प्रदेश में 9 से 23 तक मनाया जाएगा 8वां पोषण पखवाड़ा

## बच्चों के मस्तिष्क विकास पर रहेगा विशेष फोकस

नवभारत न्यूज

**सतना 8 अप्रैल. प्रदेश में 9 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक 8वां पोषण पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस वर्ष पोषण पखवाड़े का मुख्य थीम जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास निर्धारित किया गया है।**

पखवाड़े का औपचारिक शुभारंभ 9 अप्रैल को आंगनवाड़ी केन्द्रों और समुदाय स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इस दौरान पोषण पर चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से समुदाय के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा। पोषण पखवाड़े में मुख्य रूप से मातृ एवं शिशु पोषण, जन्म से 3 वर्ष तक मस्तिष्क विकास के लिए प्रारंभिक प्रोत्साहन, 3 से 6 वर्ष तक खेल आधारित शिक्षा, बच्चों में स्क्रीन टाइम कम करने में परिवार और समुदाय की भूमिका तथा सशक्त आंगनवाड़ी निर्माण में सामुदायिक सहयोग जैसे विषयों पर गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

# टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने किया विरोध प्रदर्शन

## चेतावनी दी कि राहत न मिली तो 18 अप्रैल को भोपाल में शंखनाद रैली होगी

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 अप्रैल. शिक्षक पात्रता परीक्षा ( टीईटी ) की अनिवार्यता और सेवा अवधि गणना से जुड़े मुद्दों को लेकर शिक्षकों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया।**

अध्यापक/शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश के आह्वान पर सतना में जिला स्तरीय रैली आयोजित की गई, जिसमें हजारों शिक्षक शामिल हुए। उन्होंने %टीईटी रोलबैक% के नारे लगाते हुए अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाया। रैली के दौरान शिक्षा कर्मी, गुरुजी और संविदा शिक्षक एकजुट नजर आए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वर्षों से लंबित समस्याओं के समाधान के लिए अब निर्णायक संघर्ष किया जाएगा। शिक्षकों ने एक स्वर में कहा, न आप नेता, न मैं नेता, संघर्ष ही हमारा नेता है, और इसी संकल्प के साथ आंदोलन को आगे बढ़ाने की बात कही।

### प्रथम नियुक्ति तिथि से हो गणना

शासकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अतुल सिंह ने आरोप लगाया कि सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से न किए जाने के कारण उन्हें पेंशन, ग्रेच्युटी और अन्य वैधानिक लाभों से वंचित रहना पड़ रहा है, जिससे उनमें असंतोष और मानसिक तनाव बढ़ रहा है। प्रदर्शन के बाद शिक्षकों ने सतना कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। राज्य अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष शैलेन्द्र त्रिपाठी ने घोषणा की है कि आगामी 18 अप्रैल को भोपाल में फ्शंखनाद रैलीफ्र आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेशभर के शिक्षक बड़ी संख्या में शामिल होंगे।






# मैहर में नि:शुल्क दिव्यांगों के लिए जयपुर फुट शिविर का हुआ शुभारंभ

## सांसद गणेश सिंह आज होंगे शामिल

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 अप्रैल. मैहर में दिव्यांगजनों के लिए निश्शुल्क जयपुर फुट एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का शुभारंभ बुधवार को विधिवत रूप से किया गया।**

सतना-मैहर संसदीय क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह के प्रयासों से आयोजित इस शिविर का संचालन उत्थान सेवा फाउंडेशन द्वारा श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदा देवी की प्रतिमा पर पूजन-अर्चन के साथ हुई। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सूचना पर्यटन केंद्र, बस स्टैंड के पीछे, मैहर में आयोजित किया जा रहा है। गुरुवार को सांसद गणेश सिंह शिविर में 12 बजे शामिल होंगे और दिव्यांगजनों से मुलाकात कर उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण वितरित करेंगे। शिविर में दिव्यांगजनों को निः शुल्क व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, कृत्रिम हाथ-पैर (जयपुर फुट), श्रवण यंत्र, कैलिपर और बैसाखी जैसी जरूरी सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पहुंचकर इसका लाभ ले रहे हैं।

# केन्द्रीय कारागार सतना में हुई भगवान गोवर्धन की पूजा

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 अप्रैल. मानस पीठाधीश्वर जगद्?गुरू श्री रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामललाचार्य जी महाराज मानस पीठ खजुरीताल सतना के द्वारा केन्द्रीय जेल सतना में पंचम दिवस बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा का अमृत पान कराया गया।**

श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण जन्म के बधाईयां, भगवान का नाम करण, कंस द्वारा पूतना को भगवान का वध करने भेजना, भगवान द्वारा पूतना के प्राण हरना, भगवान की माखन चोरी लीलाये, बाल लीलाएँ, कुबेर के पुत्रों को आप से मुक्त करना, भगवान द्वारा इन्द्रदेव



कि जगह गोवर्धन पूजा, परिक्रमा कराना इत्यादि प्रसंगों का रस पान कराया गया। महाराज जी ने गाय, गंगा, गायत्री का महत्व बताते हुये कहा इस देश से ये तीनों यदि दूर चले गये उसी दिन से पतन होना शुरू हो जायेगा। गौ-संबर्धन करने वाला ही सर्वश्रेष्ठ ऊँचाईयों को छूता है, गाय की सेवा करने वाले को कोई भी दुख नहीं होता। यदि कोई मनुष्य भगवान का एक करोड़ नाम जप कर ले तो उसे इसी जन्म में भगवान के दर्शन हो जाएगे।

**ये हुए सम्मिलित-** बुधवार की कथा में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, स्टेट बैंक प्रबर्धक रोहित परिहार, योगाचार्य अशीष तिवारी, पार्षद व समाजसेवी अभिषेक तिवारी अंशु, अखिल ब्राम्हण महासमा सतना के पदाधिकारी गायत्री परिवार के सदस्य सहित अन्य अतिथिगण सम्मिलित हुए। इसी कड़ी में जेल परिवार से जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा, जेल उप अधीक्षक श्रीकांत त्रिपाठी, कल्याण अधिकारी अनिरूद्ध कुमार तिवारी, सहायक जेल अधीक्षक अभिमन्यु पाण्डेय, सहायक जेल अधीक्षक/अष्टकोण अधिकारी फिरोजा खातून, सहायक जेल अधीक्षक अनिल प्रताप सिंह, जेल स्टॉफ, बंदी गण भगवान गोवर्धन की पूजा में सम्मिलित हुए।

### जिला कांग्रेस कमेटी का धरना प्रदर्शन आज

**सतना, 8 अप्रैल.** जिला कांग्रेस कमेटी सतना के अध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार प्रदेश की भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में दिनांक 9 अप्रैल 2026, गुरुवार को विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है।

# विहिप ने प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 अप्रैल. विगत दिनों साइडिंग में समीर खान द्वारा हिंदुओं के प्रसिद्ध स्थल भर्जुना माता मंदिर के श्रद्धालुओं के साथ मारपीट किया था व महिलाओं के साथ छेड़खानी की घटना को भी अंजाम दिया था समीर खान आदतन अपराधी है.**

समीर खान व उसके साथियों



पर रासुका के तहत कड़ी कार्रवाई करना चाहिए। समीर खान द्वारा अवैध उत्खनन का कार्य करता है समीर खान द्वारा शासकीय जमीनों को भोले भाले हिंदुओं को बेंचकर मोटा पैसा वसूलता है ।


### एक नजर में



#### प्रभारी मंत्री ने किये मां शारदा देवी के दर्शन

**मैहर.** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। प्रभारी मंत्री ने प्रदेश वासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, नगर निगम के पूर्व स्पीकर अनिल जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी, अखंड प्रताप सिंह, बालेंद्र गौतम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

#### शुभम ने गेट में हासिल की 7007 रैंक



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के बी.टेक (सीएसई ङ्क एआई/डीएस) आठवें सेमेस्टर के छात्र शुभम विश्वकर्मा ने गेट 2026 (डाटा साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 7007 प्राप्त की है। यह उनका दूसरा प्रयास है जिसमें उन्होंने पुन: सफलता दर्ज की।





#### गांव चलो बस्ती चलो अभियान की कार्यशाला

**सतना-** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर चलाये जा रहे सप्ताहिक कार्यक्रम के अन्तर्गत ''गांव चलो बस्ती चलो'' अभियान की भाजपा जिला संगठन द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे प्रदेश के नगरीय विकास एवं जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मुख्यअतिथि के रुप मे सम्बोधित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता एवं सांसद गणेश सिंह, विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, विक्रम सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओ की विशेष मौजूदगी मे आयोजित कार्यक्रम मे मीशाबंदियो एवं दिवंगत भाजपा के जिलाध्यक्षो के परिजनो का सम्मान किया गया।

#### सिन्धु विकास समिति ने अर्पित की शोक श्रद्धांजलि

**सतना ।** समाजसेवी एवं सिन्धु विकास समिति के सहयोगी नरेश जगवानी की माता जी श्रीमती नीता जगवानी के आकस्मिक स्वर्गवास होने की खबर से सिन्धु विकास समिति परिवार में शोक की लहर छा गई। समिति कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की,समिति परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है कि श्रीमती नीता जगवानी जी को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं घर परिवार को यह दुख-सहने की शक्ति प्रदान करें।



# नया भवन बनने से शहरी विकास को मिलेगी नई गति : विजयवर्गीय

- जैतवारा में 1.38 करोड़ की लागत से बने नगर परिषद भवन का लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**सतना 8 अप्रैल. म.प्र. शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को सतना प्रवास के दौरान जैतवारा पहुंचकर 1 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से निर्मित नगर परिषद कार्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया।**



प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश सरकार शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नवीन नगर परिषद भवन से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और गति आएगी, साथ ही आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर और बेहतर तरीके से समाधान होगा। प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश सरकार शहरी निकायों को सशक्त बनाने और नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी स्थानीय निकाय के सशक्तीकरण और अर्बन बाडी पर विशेष ध्यान देकर इन संस्थाओं के लिए अलग से राशि भी दे रहे हैं।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह, विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेणु देवी डोहर, उपाध्यक्ष बृजेश पयासी, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडेय, नगर निगम के पूर्व स्पीकर अनिल जायसवाल, शंकर दयाल त्रिपाठी, प्रबल श्रीवास्तव, बालेंद्र गौतम, राजेश सिंह गहरवार, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर, सीएमओ पंजाब सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।